# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

महाशिवरात्रि को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल है और भोले बाबा के जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ शिवालयों में उमड़ पड़ी है। बाबा नगरी देवघर में शिवरात्रि महोत्सव को लेकर खास तैयारी की गयी है। आज शाम चार बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महोत्सव का उदघाटन करेंगे और पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात में शामिल होंगे। इधर, महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा बैद्यानाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है।

******************

लोहरदगा जिले में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अखिलेश्वर धाम और खखपरता के प्राचीन शिव मंदिर समेत कई स्थानों पर विशेष पूजा–अर्चना हो रही है। साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए हैं और जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया गया है।

******************

प्रयागराज में, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न होने जा रहा है। देशभर से आये श्रद्धालु प्रयाग राज में आज सवेरे से ही संगम और अन्य घाटों में डुबकी लगा रहे हैं।

******************

प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने सदैव लोगों को देश की संस्कृति से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। महाकुंभ के अंतिम दिन अपने संदेश में श्री सहगल ने कहा कि 48 दिन के प्रसारण में आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल ने लोगों को बहुत प्रभावित किया। श्री सहगल ने महाकुंभ में प्रदर्शित अनेकता में एकता की भावना पर भी प्रकाश डाला।

******************

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग–डीपीआईआईटी ने नवाचार को बढ़ावा देने और देश में विनिर्माण तथा फिनटेक स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि साझेदारी का उद्देश्य मेंटरशिप और नवाचार मार्गदर्शन के माध्यम से फिनटेक हार्डवेयर स्टार्टअप का सहयोग करना है। इससे उन्हें भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने और वृद्धि करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव, संजीव ने कहा कि यह साझेदारी भारत के स्टार्टअप व्यवस्था को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

******************

पश्चिम सिंहभूम ज़िले के खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के लिए फूड लाइसेंस देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

धनबाद के महुदा थाना क्षेत्र में रेलवे अंडरपास निर्माण स्थल पर कल रात अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की, जिसमें दो मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने मौके से कई खोखे बरामद किए और घटना की जांच जारी है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, रंगदारी के उद्देश्य से हमले की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी और निर्माण कार्य की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

******************

आज महाशिवरात्रि के दिन झारखंड में मौसम शुष्क है। मौसम विभाग के मुताबिक आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है जिससे राज्य में दोबारा ठंड बढ़ सकती है। राजधानी रांची में आज न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

******************

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने मोनाको महिला ग्रां प्री शतरंज टूर्नामेंट के सातवें राउंड में हार के बाद रोमांचक वापसी की है। हम्पी ने स्पेन की सरसादात खादेम को हराकर टूर्नामेंट में स्थिति मजबूत कर ली है। इस जीत के साथ हम्पी कुल चार अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

*****समाप्त*****